## सार-समाचार

### पालनहार योजना स्वीकृत

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल चूडी अजीतगढ में जनसुनवाई कर रही थीं। इसी दौरान गांव की दिव्यांग महिला राखी देवी ने जिला कलेक्टर को परिवाद पेश किया कि उसके दिव्यांग पति नितेंद्र कुमार की मौत होने के बाद उन्हें पालनहार योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और वह खुद भी दिव्यांग है। जिस पर जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में मौजूद सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी से जानकारी मांगी तो सामने आया कि राखी देवी के पति नितेंद्र की मृत्यु के बाद ऑटोमेटिक ही पालनहार योजना से मिलने वाला आर्थिक लाभ बंद हो गया था। क्योंकि योजना के लाभार्थी के रूप में नितेंद्र कुमार पंजीकृत थे। इसके बाद जिला कलेक्टर ने राखी देवी को अविलंब स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। जिसके बाद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉण् पवन पूनियां के निर्देशन में ब्लॉक समाज कल्याण अधिकारी ने परिवादी के घर जाकर दस्तावेज पूरे कर ऑनलाइन आवेदन करवाया गया एवं देर शाम को ही स्वीकृति जारी की गई।

### सिद्धार्थ ने नाम रोशन किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई संस्थान का इस वर्ष जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2024 का परिणाम शानदार रहा। जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में सिद्धार्थ मोरवाल पुत्र संजय मोरवाल ने ऑल इंडिया पर 3887वीं रैंक प्राप्त कर आईआईटी कॉलेज में अपना प्रवेश सुनिश्चित किया। साथ ही संस्था की प्रतिभा पुत्री मुकेश कुमार ने भी जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया। जो एसीआई संस्थान में प्री–फाउंडेशन व फाउंडेशन के नियमित विद्यार्थी रहे है। इसके साथ के दीपेंद्र पुत्र राजेंद्रसिंह ने भी एआईटी पुणे में 572वीं रैंक के साथ अपना प्रवेश सुनिश्चित किया है। संस्था निदेशक मनोज शर्मा व विकास शर्मा ने बताया की 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता के बाद यह सफलता मील का पत्थर साबित हुई। जिसमें सिद्धार्थ, प्रतिभा व दीपेंद्र ने एसीआई परिवार के साथ अपने परिवार का मान –सम्मान बढाया। इस अवसर पर साफा, माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर संस्थान में अभिनंदन किया गया।

### गोपाल गौशाला में लगेगा बायोगैस प्लांट

**झुंझुनूं,(निसं)।** गौ सेवा के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध श्री गोपाल गौशाला जो कि हमेशा नवाचार के लिए जानी जाती है। जिसमें जल्द ही गौवंश के गोबर से बायोगैस प्लांट एसपी तुलस्यान मुंबई के सौजन्य से लगाया जाएगा। इसके लिए गुजरात वडोदरा की एसआर बायो एनर्जी कंपनी के सुरेश भारती रविवार को झुंझुनूं आए। जहां श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं आशीष तुलस्यान से 500 क्यूबिक मीटर बायोगैस प्लांट के बारे में विस्तार से चर्चा की। जहां प्लांट लगाया जाएगा उस जगह का अवलोकन किया एवं उन्होंने अपने हाथों से गौवंश को गुड खिलाकर गौ सेवा भी की। विदित है कि शशिकांत परमानंद तुलस्यान (एसपी तुलस्यान) सुप्रसिद्ध इन्वेस्टमेंट एडवाइजर मुंबई अपनी धर्मपतनी उमा, सुपुत्र अभिनंदन, सुपुत्र की वधू मेघा, सुपौत्र ऋषिकेश एवं सुपौत्री वेदासिंका एवं भतीजे आशीष श्री मोहन तुलस्यान के साथ झुंझुनूं गोपाल गौशाला में आकर अपने हाथों से गौ माता सेवा कर उन्होंने गौशाला में बायोगैस प्लांट लगाने की स्वीकृति दी थी।

### जिला अस्पताल में फल वितरित किये

**चूरू, (कासं.)।** आज राजकीय डेडराज भरतिया जिला अस्पताल चूरू में युवा कांग्रेस टीम की ओर से अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में आने वाले लोगों के लिए जूस, फल, शीतल पेय पदार्थ की व्यवस्था की गई। अस्पताल में उपचाराधीन सभी रोगियों को अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. साजिद चौहान, डीडीसी इंचार्ज अमजद खान दिलावरखानी के सानिध्य में फल एवं पानी की बोतल वितरित की गई। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष शोयल खान डीके, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन, अब्दुल्ला कुरैशी, तयूब कुरैशी, सैफ कुरैशी, अजू लुहार, जावेद निर्बाण, सुलेमान थीम, अल्ताफ रंगरेज, युनुस खान, तौहीद चौहान, समीर सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित थे।

### निजी स्कूल संघ ने ज्ञापन दिया

**चूरू, (कासं.)।** जिला मुख्यालय पर निजी स्कूलों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में निजी शिक्षण संस्थान संघ स्कूल शिक्षा परिवार के सदस्यों ने संभाग प्रभारी भरत गौड़ के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़ एवं प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार महर्षि को भी ज्ञापन सौंपा गया। ए आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अब्दुल सत्तार, सिकंदर बहलीम, विनोद जांगिड़, दानाराम शर्मा, सुमेर सिंह गोस्वामी, शुभकरण पारीक, नेमीचंद सांखला, अनिल बालान, अमित शंगारी, नंदलाल सैनी, विकास भाटी, सचिन शर्मा, राधेश्याम सैनी, सुरेंद्र कोठारी आदि सदस्य मौजूद रहे।

### प्रीतमपुरी में रात्रि चौपाल आज

**पाटन, (निसं)।** आम लोगों की प्रशासन से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में मंगलवार को ग्राम पंचायत प्रीतमपुरी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग, उनके लाभ स्थानीय निवासियों तक पहुंचाने और प्रशासनिक समस्याओं को मौके पर हल करने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल के निर्देश पर रात्रि चौपालों का आयोजन किया जा रहा है।

### साधारण सभा की बैठक 14 को

**पाटन, (निसं)।** पंचायत समिति पाटन की साधारण सभा की बैठक 14 जून शुक्रवार को प्रातः साढ़े दस– बजे पंचायत समिति के सभागार में आयोजित होगी। खंड विकास अधिकारी ने बैठक में भाग लेने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित गत बैठक की अनुपालना रिपोर्ट साथ लेकर आने के लिए कहा है। बैठक में पेयजल, विद्युत, सघन वृक्षारोपण, महानरेगा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा, वन एवं पर्यावरण, खनन विभाग संबंधित शिक्षा विभाग पर चर्चा की जाएगी।

# स्पा सेंटर पर दबिश, सात युवतियां और एक युवक गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** कोतवाली पुलिस ने शहर में एक स्पा सेंटर पर संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत पर दबिश दी है। जहां से सात युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाल पवन चौबे ने बताया कि लगातार कई दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि पंचदेव मंदिर से आगे चलकर

- **संदिग्ध गतिविधियों की कई दिनों से शिकायत मिल रही थी**
- **जांच के लिए पुलिस ने सीसीटीवी की डीवीआर जब्त की**



कोतवाली पुलिस ने स्पा सेंटर पर दबिश देकर युवतियों व युवक को गिरफ्तार किया।

बगड रोड पर एक गली में मॉर्डन स्पा सेंटर खुला हुआ है। जहां पर संदिग्ध गतिविधियां होती हैं। जिस पर रविवार को सिटी डीएसपी वीरेंद्र शर्मा की अगुवाई में टीम ने दबिश दी। टीम को वहां पर मणिपुर और उत्तराखंड की रहने वाली सात युवतियां मिली। वहीं एक युवक मिला, जिन्हें गिरफ्तार किया गया।

इसके बाद उन्हें पाबंद करके छोड दिया गया। शहर कोतवाल पवन कुमार चौबे ने बताया कि जिस वक्त दबिश दी गई। उस वक्त स्पा सेंटर का संचालक चिडावा निवासी व्यक्ति मौके पर नहीं मिला। इसके बाद उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो वो बंद आ रहा था। जिसकी तलाश की जा रही है। मौके से स्पा सेंटर संचालन का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला है। वहीं स्पा सेंटर पर पांच केबिन अलग–अलग बने हुए थे। जिनकी भी तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी युवतियां 28 से 35 साल की है और उत्तराखंड और मणिपुर की रहने वाली है।

जिन्होंने पूछताछ में बताया कि वे कुछ महीनों से इस स्पा सेंटर में काम करती है। स्पा सेंटर पर बने कमरों में ही रहती है और नीचे बने स्पा सेंटर पर काम करती है। पुलिस ने बताया कि स्पा सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर को जब्त कर लिया गया है। जिन्हें विशेषज्ञ द्वारा चैक करवाया जाएगा। इसी डीवीआर से स्पा सेंटर के राज खुलेंगे। उन्होंने बताया कि जो युवक गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि वह वहां पर खाना बनाने का काम करता है। जिसे लेकर भी पूछताछ चल रही है। आपको बता दें कि शहर में कई जगहों पर स्पा सेंटर चल रहे है। जिन पर अवैध और संदिग्ध गतिविधियों की लगातार शिकायतें मिल रही है।

## जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक

**चूरू, (कासं.)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा चूरू की त्रमासिक मीटिंग जांगिड़ ब्राह्मण सेवा समिति प्रांगण में जिला अध्यक्ष नीरज रोलीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक शुभारंभ की। बैठक में मुख्य अतिथि महासभा राष्ट्रीय प्रधान जनार्दन पंवार थे। जिला अध्यक्ष नीरज रोलीवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज त्रैमासिक मीटिंग में समस्त जिला पदाधिकारी, तहसील अध्यक्ष तथा प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जिसमें आने वाले समय में समाज में रूढ़िवादी कुप्रथा की रोकथाम, महासभा सदस्य अभियान प्रारंभ करना, जिले में विशाल युवा सम्मेलन आयोजित करना तथा रक्तदान शिविर प्रत्येक तहसील में आयोजित करना आदि विषयों पर विस्तार से विचार–विमर्श कर टीम गठित की गई। जिला महामंत्री बुधरमल सिल्क जिला सभा द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

# बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में तीव्रता रखें : सत्यानी

- **जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने अधिकारियों को आवश्यक सेवाओं व 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**चूरू, (कासं)।** जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने सोमवार सवेरे जिला कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक सेवाओं व मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं को लेकर निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप आमजन को आवश्यक सेवाएं समुचित मुहैया हों। अधिकारी आमजन को संतुष्ट करें और प्रो.एक्टिव मोड में अपनी टीम व संसाधनों का बेहतरीन प्रबंधन करें। किसी भी माध्यम से आवश्यक सेवाओं से संबंधित शिकायत मिलने पर अधिकारी व्यक्तिगत रूचि से निस्तारण करें। बजट घोषणाओं व 100 दिवसीय कार्ययोजना को लेकर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में तीव्रता रखें तथा कार्ययोजना बनाते हुए पालना सुनिश्चित करवाएं। साथ ही परिवर्तित बजट घोषणाओं के लिए प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न गांवों में पेयजल व बिजली आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हो रहीं है। पीएचईडी के अधिकारी समुचित पेयजल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक तौर पर टैंकरों आदि से समुचित व्यवस्था करें। साथ ही जिले की गौशालाओं में तथा पशुओं के लिए भी पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की जाए। लीकेज, लाइन के टूटने से जल रिसाव जैसी समस्याओं पर त्वरित एक्शन लेते हुए दुरूस्त करें। पेयजल आपूर्ति में कमी को देखते हुए सभी को एक मुहिम के रूप में प्रयास करने होंगे कि जल संरक्षण संरचनाओं का अधिकतम विकास हो। इसके लिए आमजन को प्रेरित करें। इसी प्रकार डिस्कॉम के अधिकारी आंधी–अंधड़ के कारण बिजली के पोल व तारों के क्षतिग्रस्त हो जाने की घटनाओं को देखें और यथाशीघ्र दुरूस्त करवाएं।

सत्यानी ने नगरनिकाय अधिकारियों से कहा कि आगामी दिनों में बरसात के मौसम को देखते हुए गैनाणी, शहरी जल निकासए पंप हाउस आदि की समुचित तैयारियां रखें तथा समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इसी के साथ जल निकास के हैवी लोड वाले स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्था करें। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित बिन्दुओं व बजट घोषणाओं पर विस्तृत चर्चा की। सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने वृक्षारोपण अभियान को लेकर निर्देश दिए।

इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, डीएफओ भवानी सिंह, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, पीएचईडी एसई रमेश राठी, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## बावलिया बाबा का वार्षिक उत्सव मनाया

**मुकुंदगढ, (निसं)।** जन –जन के आराध्य संत परमहंस बावलिया बाबा का वार्षिक उत्सव विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ उल्लास वातावरण में संपन्न हुआ। धार्मिक कार्यक्रमों में रविवार रात्रि को भजन संध्या में संपत शर्मा, आशीष गुर्जर, पवन सैन, राजाराम सुरोलिया, महेंद्र दाधीच, रवि सैन, विकास पारीक, महेश शर्मा सहित अनेक भजन गायकारों ने प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। भजन संध्या में अघोरी बाबा शैलेंद्रनाथ ने बाबा को शॉल ओढाकर आशीर्वाद लिया। मंदिर पुजारी रामगोपाल शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह भक्तों ने प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद बाबा को भोग लगाकर भक्तों ने जोत के दर्शन कर भंडारे में प्रसादी ली। इस अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। शाम को मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने बाबा के दर्शन कर मनौतियां मांगी। इस अवसर पर मंदिर को सतरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया। इस मौके पर आत्माराम बेरीवाला, राजाराम सुरोलिया, अशोक मोदी, ताराचंद जांगिड, संजय रोहिल्ला, रमाकांत घोडेला, भवानीशंकर सैन, गजेंद्र टेलर, रविंद्र चेजारा, नरेंद्र कुमावत, कमल सैन, ओम शर्मा सहित अनेक भक्तगण सेवा में जुटे हुए थे।

## नीट परीक्षा परिणाम को लेकर किया प्रदर्शन

**झुंझुनूं, (निसं)।** छात्र संगठन एसएफआई ने नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन पर उचित जांच कराने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्रालय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जिला महासचिव आशीष पचार ने बताया कि चार जून नीट–यूजी परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई शिकायतें सामने आ रही हैं। जो एनटीए के परीक्षा संचालन की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहीं हैं। एक केंद्रीकृत संस्था एनटीए नीट जैसी प्रवेश परीक्षा में इस तरह का कुप्रबंधन होना चिंतनीय हैं। जिलाध्यक्ष अनीश धायल ने कहा कि मोदी सरकार में जिस तरह से एनएमसी और एनटीए मिलकर मेडिकल शिक्षा का निजीकरण कर रहे हैं। वह देश के भविष्य के लिए खतरनाक है। मेडिकल क्षेत्र में राज्य.आधारित संयुक्त प्रवेश परीक्षा प्रणाली को बदलने के लिए अंतहीन भ्रष्टाचार का तर्क था। अब यही अंतहीन भ्रष्टाचार का आरोप नीट–यूजी को लेकर भी सामने आ रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने एनटीए के एक बयान में लापरवाही से कहा है कि इस साल का रिजल्ट में ग्रेस मार्किंग भी हुई है। लेकिन इस साल परीक्षा से पहले एनटीए द्वारा प्रकाशित दिशा–निर्देशों में कहीं भी इस ग्रेस मार्किंग योजना का कोई उल्लेख नहीं कियागया है।

## मिशनमोड़ पर चलाया जायेगा पौधारोपण कार्यक्रम

**सीकर, (निसं)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा जारी गाईड लाइन के अनुसार प्रत्येक विद्यालय स्तर पर (राजकीय एवम् निजी विद्यालयों में) छात्र नामांकन अनुरूप राज्य सरकार द्वारा तैयार चरणबद्ध वृक्षारोपण तथा वृक्षों के संरक्षण कार्यक्रम के तहत मानसून से पूर्व तथा एक जुलाई 2024 से पूर्व तैयारी के लिए वृक्षारोपण के लक्ष्य दिये जाकर अपने क्षेत्राधीन समस्त विद्यालयों से गूगल फॉर्म भरवाकर शत–प्रतिशत अनुपालना करवाये जाने के निर्देश दिए।

ब्लॉक स्तरीय प्रभारी सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि कक्षा 1–5 के विद्यार्थियों को एक पौधा एवं कक्षा 6–12 के विद्यार्थियों को अपने परिवार की सदस्य संख्या के बराबर या कम से कम 4 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संस्था प्रधान समय रहते गूगल फर्म के माध्यम से अपने पौधों की वांछित डिमांड फिल्प करे ताकि नर्सरियों द्वारा आवश्यकता अनुसार पौधों की व्यवस्था की जा सके।

संस्था प्रधान मानसून पूर्व पौधरोपण के लिए गढ़ों की खुदाई, समुचित खाद , कीटाणु रहित मिट्टी उपचार व्यवस्था,गढ़ों की फिलिंग वगैरह पूर्व तैयारी रखें ताकि बारिश होने पर पौधरोपण किया जा सके।

# शिकायत मिलने पर तुरन्त कार्रवाई करें : कलेक्टर मेहरा

**पाटन, (निसं)।** जिला कलेक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों /शिकायतों का निस्तारण समय पर करें। जैसे ही हमारे पास कोई शिकायत आए उस पर तुरन्त कार्रवाई करें। जलदाय विभाग पानी के स्थायी समाधान तथा भविष्य में कौन–कौन सी

- **अस्पतालों में पंखे, कूलरों की व्यवस्था करने, साफ-सफाई रखने के निर्देश**

समस्याएं आ सकती है, उन पर योजना बनाकर कार्य करें।

जिला कलेक्टर मेहरा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को निर्देश दिए की पेंशनरों के भौतिक सत्यापन का कार्य जल्द पूरा करें। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सीडीपीओ को जिले के आंगनबाड़ी के क्षतिग्रस्त भवन जिनको मरम्मत की आवश्यकता है की मरम्मत करवाने तथा उन आंगनबाडियों में विद्युत की व्यवस्था करवाने के निर्देश



जिला कलेक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में नव निर्मित अनुसुचित जनजाति बालिका छात्रावास को को इसी सत्र में चालु करवाने के निर्देश दिए।

कृषी विभाग को जिले में पंचायत समिति के अनुसार लक्ष्य बनाकर फार्म पॉन्ड हेतु आवेदन के लिए अधिक से अधिक किसानों को फार्म पॉन्ड हेतु आवेदन करने , कम पानी से उत्पन्न होने वाली फसलों को बोने एवं ड्रीप सिंचाई को अपनाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को अस्पतालों में पंखे, कूलरों की व्यवस्था करने, साफ–सफाई रखने तथा सिलिकोसिस की जाँच हेतु दूसरा कैंप जल्द लगवाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि जिले में पानी की समस्या को देखते हुए सभी को पानी की बचत करने की आवश्यकता है। अतः सभी विभाग वर्षा के पानी को संग्रहित करने हेतु अपने यहां बने हुए वर्षा जल संग्रहण ढांचों की मरम्मत करवा कर तैयार रखे जिस से वर्षा का पानी एकत्रित किया जा सके।

मेहरा ने नगर परिषद् एवं जलदाय विभाग को रोडवेज डिपों के पास पानी की व्यवस्था करने एवं रोडवेज डिपों के अन्दर जाने वाली सडक के दोनों तरफ हो रहे अतिक्रमण को हटवाने हेतु निर्देश दिए। जिस से बसों के आवगमन एवं लोगों को आने–जाने में किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े।

## 32 किलो मसाले सीज किये

**रतनगढ़, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अनुभाग की ओर से आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान द्वारा जारी अनसेफ मसालों की सूची के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी रतनगढ़ से प्राप्त निर्देशों पर रतनगढ़ में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा मेसर्स घासीराम परमेश्वर लाल फर्म से 02 नमूने एमडीएच मसालों के लिए गए व 32 किलो मसाले मौके पर सीज किये गए साथ ही 1 नमूना मेसर्स चानणमल राजकुमार से आइस क्रीम का सैम्पल लिया गया। उक्त नमूने जाँच के लिए जयपुर लैब में भिजवाए जायेंगे। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

# महाविद्यालय में एडमिशन शुरू

**पाटन, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है।कला वर्ग में बीए पार्ट प्रथम की ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 जून है।

कॉलेज प्राचार्य मदन लाल मीणा ने बताया कि सोमवार से बीए पार्ट प्रथम कला वर्ग में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खुल गया है, विद्यार्थी ईमित्र या अपने मोबाइल से भी आवेदन कर सकते हैं। ओनलाइन आवेदन में आवेदक की फोटो, हस्ताक्षर, 10वीं 12वीं की अंक तालिका, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा अन्य बोर्ड से 12वीं पास होने पर माइग्रेशन प्रमाण पत्र, खेलकूद एनएसएस या स्काउट गाइड के प्रमाण पत्र, जन आधार की प्रति संलग्न करनी अनिवार्य है। इसके अलावा बीए सेकंड ईयर व बीए फाइनल में प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन 20 जून से 19 जुलाई तक रहेगी। सभी नियमित विद्यार्थी ईमित्र से अपनी फीस जमा करवाकर प्रवेश सुनिश्चित करें।प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए प्रोफेसर योगेश कुमार सबल से संपर्क कर सकते हैं।

## आतिशबाजी कर जश्न मनाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** केंद्र में एनडीए की ओर से नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद झुंझुनूं में जमकर जश्न मनाया गया।

भाजपा नेता राजेंद्र भांबू के समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने झुंझुनूं शहर के गांधी चौक में जमकर आतिशबाजी की। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ लेने पर जश्न मनाया गया। जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी भी इस मौके पर मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने बताया कि बीते 10 सालों में देश नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगे बढा है। अब तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। देश विकास की नई बुलंदियों को छूएगा। हर वर्ग को साथ लेकर देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

## पानी को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया

**सीकर, (निसं)।** शहर में गर्मी के चलते पानी की किल्लत बनी हुई है आए दिन लोग कलेक्ट्रेट व जलदाय विभाग पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

पानी की समस्या को लेकर सोमवार को मोहल्ला कारीगरों के लोगों ने सड़क पर प्रदर्शन किया प्रदर्शन के चलते सड़क पर जाम लग गया शीतला चौक दूजोद गेट घंटाघर क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतारें लग गई जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा प्रदर्शन के चलते काफी देर तक सड़क पर जाम लगा रहा लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोगों को समस्या निदान का आश्वासन देने जलदाय विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं आया जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में जलदाय विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है।


**वाहन रजिस्ट्रेशन सार्वजनिक सूचना**

मनके अमित दत्तक पुत्र श्री महिपाल जाति जाट साकिन बास जीराम तहसील राजगढ जिला चूरू का हूं जो कि निम्न बयान करता हूं कि मेरे पिता श्री महिपाल पुत्र जुगाराम जाट साकिन जीराम बास के नाम से एक वाहन ट्रेक्टर सवराज 855 रजिस्ट्रेशन नं. RJ10RC6657 जिसका मॉडल 2021 चैसिस नं. MBNBG53AGMCN29908 इंजन नं. 475011/SDN47700 है। उक्त वाहन ट्रेक्टर का रजिस्टर्ड मालिक की मौत हो चूकी है और मृतक के नाम जो ट्रेक्टर है उक्त ट्रैक्टर मै उनका गोद लिया पुत्र हूँ जो कि ट्रेक्टर मेरे नाम किया जावे। अगर किसी को इस बाबत् कोई आपत्ति हो तो इस आपत्ति प्रकाशन से सात दिवस में परिवहन कार्यालय चूरू में आपत्ति प्रमाण सहित दर्ज करवा देवें अन्यथा बाद मियाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी। भविष्य में इस बाबत् कोई एतराज होगा उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

सूचनाकर्ता/प्रार्थी
अमित दत्तक पुत्र श्री महिपाल जाति जाट
साकिन बास जीराम
तहसील राजगढ जिला चूरू



**कार्यालय**
**राम कुमार एडवोकेट राजगढ**
**जिला चूरू**
**एस.डी.एम. कोर्ट कैम्पस राजगढ (चूरू)**
**मो. 94134-51257, 93524-76477**

दिनांक-10.06.2024

**नोटिस बेदखली सर्व साधारण**

मेरे मुवक्किलान शंकर सिंह पुत्र हनुमान सिंह व विमला कंवर पत्नी शंकर सिंह निवासी वार्ड नं. 11, रेलवे टॉवर के पास कस्बा राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू ने मुझे अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है। मैं मेरे मुवक्किलान की हिदायतानुसार सर्वसाधारण को सूचित कर रहा हूँ यह कि:- मेरे मुवक्किलान का पुत्र मोहन सिंह व पुत्रवधु सविता पत्नी मोहन सिंह मेरे मुवक्किलान से अलग व आजाद है। मेरे मुवक्किलान का उक्त पुत्र व उक्त पुत्रवधु मेरे मुवक्किलान के कहने तथा सुनने में नहीं है तथा मेरे मुवक्किल व मेरे मुवक्किल की पत्नी से आये दिन लडाई झगडा करते रहते है तथा मेरे मुवक्किल व मेरे मुवक्किल की पत्नी की सेवा चाकरी भी नहीं करते है, और मेरे मुवक्किलान को झुठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते है। मेरे मुवक्किलान द्वारा अपने उक्त पुत्र व पुत्रवधु पर समझाने का इन दोनों पर कोई असर नहीं होता है। इस कारण मेरे मुवक्किलान ने अपने पुत्र मोहन सिंह व पुत्रवधु सविता से अपने समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद से मेरे मुवक्किलान का अपने उक्त पुत्र व पुत्रवधू से कोई सम्बन्ध नहीं रहा है तथा इनका भी मेरे मुवक्किलान की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति में किसी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है। अगर मेरे मुवक्किलान का पुत्र व पुत्रवधु मेरे मुवक्किलान का नाम लेकर किसी प्रकार का संव्यवहार करते हैं, तो इनमें मेरे मुवक्किल व मेरे मुवक्किल की पत्नी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः जरिए इस नोटिस के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलान का पुत्र मोहन सिंह व पुत्रवधु सविता किसी से मेरे मुवक्किलान का नाम लेकर या स्वयं कोई लेन-देन या अन्य संव्यवहार करते हैं, तो मेरे मुवक्किलान व मेरे मुवक्किलान के परिवार की कोई जिम्मेवार नहीं होगी।

रामकुमार एडवोकेट, नरवासी मोड,
राजगढ जिला चूरू



**आम सूचना**

मैसर्स मरुधरा एग्रो इंडस्ट्रीज, प्लॉट नंबर ई-74 रीको इंडस्ट्रियल एरिया, तारानगर, जिला चूरु, राजस्थान जिसका GST नंबर 08ABSFM5821G1ZX है इस फर्म में ये 3 पार्टनरस है, जिनके नाम निम्न है:- कविता (34%), सुशील कुमार सरावगी (33%), सुनील कुमार (33%), 1 सुशील कुमार सरावगी एवं सुनील कुमार जो कि तारानगर के ही रहने वाले है, अपनी हिस्सेदारी दिनांक 31-03-2024 से इस फ़र्म से हटाना चाहते है, और साथ ही 2 नये पार्टनरस इस फर्म में जुड़ रहे है। जो की श्रीमति सुलोचना पत्नी श्री राधेश्याम एवं विकास गोयल पुत्र श्री राधेश्याम गोयल दिनांक 01-04-2024 से जुड़ रहे है। जिससे इस फ़र्म में ये 3 पार्टनरस रहेंगे, कविता (34%), सुलोचना (33%) एवं विकास गोयल (33%)। अतः किसी को कोई आपति हो तो सात दिवस के अंदर जिला उद्योग केंद्र चूरु में अपनी आपति दर्ज करवाए।

SUNIL KUMAR JANGIR
Advocate, Mobile : 9414570014



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी**
**(अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ**

क्रमांक-न.पा.रा./कृ.भू./2024/428 दिनांक- 10.06.2024

**प्रारूप-10**
**(नियम 6(7) देखिए)**
**लोक सूचना**

श्री इन्द्र सिंह पुत्र श्री भाग सिंह जाति राजपूत निवासी क 4 सीवाईएम तहसील रावतसर व आकाश सलूजा पुत्र श्री रविन्द्र सलूजा जाति अग्रवाल निवासी हनुमानगढ टाऊन ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन आवासीय के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | पत्थर सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ | 11 ए.एम. | 166/406(22) | किला नं. 13 की 0.182 है., 14 की 0.182है., 15 की 0.166 है. 16 की 0.228है. 17 की 0.253है., 18 की 0.253है., 23 की 0.253है., 24 की 0.253है., 25 की 0.228है., कुल तादादी 1.998है. |
| | | | योग 1.998 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज....को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)



राजस्थान सरकार
कृषि विभाग राजस्थान DOA
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार), जि.प. चूरू**

Email: ddagr.chu.agri@rajasthan.gov.in & ddagr_chu@rediffmail.com Phone No. 01562-250395

क्रमांक-प.4()/स्टोर/2024-25/1261-63 **खुली बोली सूचना बोली-01/2024-25** दिनांक- 10.06.2024

वर्ष 2024-25 में बीज मिनिकिट्स एवं आदान का परिवहन किये जाने हेतु परिवहन दरों का तहसील वार अनुबंध किया जाना है। उक्त कार्यो के इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं/फर्मो/एजेन्सीयो से परिवहन की प्रति किमी दर एवं मिनिकिट्स की लोडिंग एवं अनलोडिंग प्रति क्विंटल दर की बोली हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| बाली संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | अमानत राशि | बोली प्राप्त करने की अंतिम दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीज मिनिकिट्स परिवहन एवं लोडिंग अनलोडिंग कार्य | 5 लाख | 200 प्रति निविदा प्रपत्र | 10000/- डी.डी./ बैंकर्स चैक | 13.06.2024 व 1.00 पीएम | 13.06.2024 व 3.00 पीएम |

1 निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्ते https://agriculture.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN NO. AGR2425SSRC00018, NIB CODE-AGR2425A0016

(डॉ. जगदेव सिंह)
संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)
जिला परिषद, चूरू